तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार 10 नवंबर 2025

13 राधाकृष्ण मंदिर महोत्सव में हजारों लोगों ने प्रसादी...



14 हाफ योजना के नियम बदलने व टैरिफ वृद्धि से ...






## कुल्हाड़ीघाट के स्वादिष्ट झुरगा की बम्पर मांग, गुणवत्ता के कारण ऊंचे दामों पर बिकता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के कुल्हाडीघाट के पहाड़ी ग्रामो में पैदावार होने वाले झुरगा फसल की मांग प्रदेश में सबसे ज्यादा रहती है और इसका मुख्य कारण यहा पैदावार होने वाले झुरगा दाना में बड़ा और खाने में काफी स्वादिष्ट होने के कारण बड़े शहरों में इसकी सबसे ज्यादा डिमांड है और तो और व्यापारी कुल्हाडीघाट पहुंचकर हाथों हाथ झुरगा खरीद लेते है, सामान्य झुरगा की कीमत बाजार में 100 रूपये किलो तक होती है लेकिन कुल्हाडीघाट क्षेत्र में पैदावार होने वाले झुरगा 130 रूपये से 150 रूपये किलो में बिक रहा है, यहां कमार जनजाति व अन्य किसान पिछले कई वर्षों से पारम्परिक रूप से अपने खेतों व बाडियों में झुरगा की खेती करते आ रहे है कुल्हाडीघाट क्षेत्र की





### झुरगा की कटाई और मिंजाई जारी स्कूलों में दर्ज संख्या कम

इन दिनों झुरगा की फसल पूरी तरह तैयार हो चूका है और इसकी कटाई और मिंजाई चल रहा है झुरगा की खेती को पहाड़ी चट्टान इलाके में किया जाता है किसान ग्रामीण अपने छोटे-छोटे बच्चों के साथ झुरगा की तोड़ाई में लगे हुए है जहां उन्हे रात रूकना पड़ता है जिसके कारण स्कूलो में दर्ज संख्या बेहद कम हो गई है।

### किसान बड़ी मात्रा में झुरगा की खेती करते है

कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी अभिनव सूर्यवंशी ने बताया कि मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में किसान बड़ी तादात में झुरगा की खेती करते है, लेकिन इसमें सबसे अच्छा क्वालिटी का झुरगा कुल्हाडीघाट क्षेत्र में मिलता है, उन्होने बताया किसानों को इसे व्यापक स्तर पर फसल लेने के लिए समय -समय पर विभाग द्वारा जानकारी दिया जाता है।

जमीन पत्थरीली होने के कारण यहां पानी नहीं ठहरता जिसके चलते अन्य फसल धान मक्का की खेती यहां सफल नहीं है, लेकिन यहां के किसान झुरगा, रांगी दलहन, तिलहन की फसल की अच्छी पैदावार करते है। कुल्हाडीघाट के सरपंच धनमोतिन सोरी एंव पूर्व सरपंच बनसिंह सोरी, दामोदर नेताम, सुखराम नागेश ने बताया कि कुल्हाडीघाट क्षेत्र के कठवा, गवरमुंड, बेसराझर, कुर्वापानी, ताराझर, भालूडिग्गी व अनेक ग्रामों में किसान पारम्परिक रूप से झुरगा की खेती करते है और इसमें दवा नाम मात्र भी नहीं डाला जाता पुरी तरह से गोबर खाद का उपयोग किया जाता है, यहां उत्पादन किये जाने वाले झुरगा अन्य क्षेत्रो की झुरगा की अपेक्षा बड़ा और मोटा दाना होता है, साथ ही काफी लाल और साफ नजर आता है, व्यापारी बडे शहरो से सीधे कार के माध्यम से कुल्हाडीघाट के ग्रामों के पहुंचकर ▶▶| शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप

### लापरवाह चालकों के खिलाफ हेल्पलाइन नंबर जारी



**गरियाबंद।** यात्री सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए गरियाबंद पुलिस ने एक सराहनीय पहल की है। अब यदि कोई बस चालक शराब सेवन कर वाहन चलाता है या तेज एवं लापरवाहीपूर्वक ड्राइविंग करता है, तो यात्री सीधे पुलिस को इसकी सूचना दे सकते हैं। इस उद्देश्य से जिले की सभी यात्री बसों में पुलिस कंट्रोल रूम गरियाबंद का दूरभाष नंबर 94791-91071 चस्पा किया गया है। यात्री इस नंबर पर सूचना देते समय बस का रजिस्ट्रेशन नंबर, बस का नाम, मार्ग का नाम और चालक का नाम (यदि ज्ञात हो) जरूर बताएं। गरियाबंद यातायात पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि सड़क सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी है। ऐसे में किसी भी शराब सेवन करने वाले या लापरवाह चालक की सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया है कि सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम और संपर्क विवरण गोपनीय रखा जाएगा और प्राप्त शिकायत पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। गरियाबंद पुलिस ने कहा है कि ऐसे चालकों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम और संबंधित धाराओं के तहत सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी, ताकि सड़क हादसों पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाया जा सके।

### मुरुम ढो रहे हाइवा वाहनों को रोका पुलिस व अधिकारी मौके पर पहुंचे

**महासमुंद।** ग्राम मालीडीह के ग्रामीणों ने शनिवार को पिरदा रोड से मुरूम परिवहन कर रहे 4 हाइवा ट्रकों को रोक कर धान खरीदी केंद्र परिसर में खड़ा किया। ग्रामीणों ने आक्रोश जाहिर करते हुए कहा कि सुबह से देर रात तक इस मार्ग से मुरुम परिवहन किया जाता है। इसी प्रकार भारी वाहनों के आवागमन के चलते भोरिंग अछोली रोड पूरी तरह जर्जर हो चुका है। भोरिंग सड़क जर्जर होने के बाद अब पिरदा रोड का उपयोग भारी वाहनों के परिवहन के लिए किया जा रहा है। लगातार आवागमन व मुरुम परिवहन से आक्रोशित ग्रामीणों ने वाहनों को रोका फिर सूचना पर तुमगाँव पुलिस व खनिज विभाग की टीम तथा नायब तहसीलदार मोहित अमला मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को समझाइश देते हुए वाहन स्वामियों को हिदायत दी कि एक निश्चित समयं तक परिवहन कार्य करें। इस अवसर पर जिला पंचायत के पूर्व सभापति अमर चंद्राकर मौजूद थे। तुमगाँव थाना प्रभारी प्रवीण चौहान ने बताया कि सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। ग्रामीणों व वाहन स्वामियों के बीच पिरदा रोड में हाइवा संचालन के संबंध में चर्चा हुई है।

### कार्रवाई : आरोपी पत्थरों को ऊंचे दामों पर बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे थे

## हीरे जैसे 22 नग खनिज जब्त, दो संदिग्ध तस्करों को भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/मैनपुर

जिला पुलिस ने नक्सल व सरहदी क्षेत्र में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 22 नग बहुमूल्य हीरा जैसे खनिज पदार्थ के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई थाना देवभोग पुलिस द्वारा की गई, जिसने मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए तस्करों को रंगे हाथ पकड़ लिया। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम देवभोग के शरदापुर आईटीआई कॉलेज के सामने दो व्यक्ति संदिग्ध परिस्थिति में चमकीले पत्थर लेकर ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दोनों संदिग्धों को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों की पहचान इस प्रकार हुई

खीर सिंह मांझी पिता स्व. लालू मांझी, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम झूलेनबर, थाना चांदाहांडी, जिला नवरंगपुर (उड़ीसा)।







हरीशंकर नेताम पिता स्व. देवीसिंह नेताम, उम्र 27 वर्ष, निवासी पायलीखण्ड जुगाड, जिला गरियाबंद। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 22 नग बहुमूल्य हीरा जैसे चमकीले खनिज पदार्थ (कीमत लगभग 2,30,000, 2 मोबाइल फोन और एक मोटर साइकिल कुल कीमत 35,000 जप्त किए गए। जब्त सामग्री की कुल अनुमानित कीमत लगभग 4 लाख आंकी गई है।

### वैध दस्तावेज नहीं कर पाए प्रस्तुत

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे इन पत्थरों को ऊँचे दामों पर बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे थे। आरोपियों से किसी भी प्रकार का वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। इस मामले में पुलिस ने खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 3(2), 3(5), 21(4) तथा माइनिंग एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में अवैध खनिज, गांजा, शराब और हीरा तस्करी पर रोक लगाने के लिए सख्त अभियान चलाया जा रहा है। थाना देवभोग पुलिस की यह कार्रवाई इसी अभियान की कड़ी है।

## बंद मिली राशन दुकान अफसरों में मचा हड़कंप



**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा ने आज गरियाबंद जिले में अचानक पहुंचकर राशन दुकानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला मुख्यालय क्षेत्र की एक राशन दुकान बंद पाई गई, जिससे प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया। नियमों के मुताबिक, राशन दुकानें सप्ताह में छह दिन खुली रहनी चाहिएं, लेकिन मौके पर निरीक्षण के दौरान दुकान के बाहर केवल मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को खुला रहने का बोर्ड टंगा मिला। इस पर अध्यक्ष संदीप शर्मा ने संबंधित अधिकारी को तत्काल मौके पर बुलाकर स्पष्टीकरण मांगा और निर्देश दिए कि पात्र हितग्राहियों को नियमित रूप से राशन वितरण सुनिश्चित किया जाए। सूत्रों के अनुसार, अध्यक्ष शर्मा फिलहाल जिले की अन्य राशन दुकानों का भी निरीक्षण कर रहे हैं। संभावना जताई जा रही है कि वे आज शाम तक पूरे ब्लॉक क्षेत्र का दौरा कर व्यवस्थाओं की समीक्षा करेंगे।

▪ खाद्य आयोग अध्यक्ष संदीप शर्मा का औचक निरीक्षण

गौरतलब है कि संदीप शर्मा अपनी सक्रिय कार्यशैली और जनसंपर्क आधारित निरीक्षणों के लिए जाने जाते हैं। वे लगातार प्रदेश के विभिन्न जिलों में जाकर आमजन से सीधे संवाद करते हैं और समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश देते हैं। जिले में अचानक हुए इस निरीक्षण से खाद्य विभाग के अधिकारियों में सतर्कता और हलचल दोनों देखी जा रही है। अब देखना यह होगा कि बंद पाई गई दुकान के जिम्मेदारों पर क्या कार्रवाई होती है।

## भाजपा मंडल राजिम में मतदाता सूची पुननिरीक्षण पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

भाजपा मंडल राजिम द्वारा गायत्री मंदिर सभागार में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा किए जा रहे मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर कार्यशाला आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भाजपा जिला मंत्री सुरेंद्र सोनटेके ने एसआईआर कार्यशाला में भाजपा के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मतदाता सूची से अपात्र नाम हटने या मृतक के नाम कटने, स्थानांतरित या दो स्थानों पर पंजीकृत मतदाताओं के नाम हटाए जाते हैं। इससे एक व्यक्ति, एक वोट के सिद्धांत को मजबूती मिलती है और चुनावी धोखाधड़ी रुकती है। चुनाव की लोकप्रियता और विश्वसनीयता बढ़ेगी। अप्रवासी और घुस पैठिये



गलत तरीके के अपने आपको मतदाता बना चुके है उनकी छटनी निहायत जरूरी है। सभी कार्यकर्ता विशेष रूप से अपने अपने मतदान केंद्रों के बीएलओ से संपर्क कर उनके कार्य में उनका सहयोग अवश्य करें। कार्यशाला को नगर पंचायत राजिम के अध्यक्ष महेश यादव एवं भाजपा जिला कोषाध्यक्ष अजय रोहरा, राजिम मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने भी दिशा-निर्देश स्वरूप महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया। मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटिरहित, सटीक और समावेशी बनाना है। हम सभी भारतीयों और मतदाताओं को सजगता के साथ इसको सफल बनाना है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने सामूहिक राष्ट्रगीत का गायन किया। कार्यक्रम में मंडल उपाध्यक्ष नारायण साहू, महामंत्री जितेंद्र पेंडरिया, मंडल मंत्री ▶▶| शेष पेज 13 पर

## सतनामी समाज के परिचय सम्मेलन में 18 की बात बनी, 517 युवक-युवती पंजीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

सतनामी समाज का परिक्षेत्र अभनपुर के तत्वाधान मे प्रदेश स्तरीय युवक -युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन चंडी मोड़ सतनाम भवन भक्ति कुटी मे रखा गया था जिसमे प्रदेशभर से पहुंचे सतनामी समाज के 517 युवक,युवतियो द्वारा पंजीयन कराया गया जिसमे 18 युवक युवतियो के परिजनो की सहमति संबंध जोडने के लिए बनी है वही 70 से अधिक परिजन बातचीत कर एक दूसरे से समय लिया । विगत 4 वर्षो से प्रतिवर्ष आयोजित किये जा रहे युवक-युवती सम्मेलन मे

▪ कार्यक्रम में प्रदेशभर के हजारों लोग परिवार सहित शामिल हुए



प्रदेशभर के हजारो परिजन विवाह योग्य युवक -युवतियां के साथ इस आयोजन मे सम्मिलित होते है। उक्त आयोजन मे स्थानीय विधायक सहित समाज के विभिन्न पदाधिकारी भी सम्मिलित रहे।

**सामाजिक जागरूकता में होगी वृद्धि : विधायक साहू**

इस अवसर पर विधायक इन्द्रकुमार साहू ने कहा कि वास्तव मे यह आयोजन समाज के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है इस आयोजन से समाज का समय एवं धन दोनो के साथ ही योग्य रिश्ता आसानी से मिल जाता है,सतनामी समाज अभनपुर द्वारा विगत 4 वर्ष यह आयोजन कर अभनपुर क्षेत्र ही नही बल्कि प्रदेशभर के सामाजिक लोगो को जागृत किया है,विधायक ने अपने संबोधन मे कहा कि किसी भी समाज के विकास के लिए शिक्षा, संस्कृति, सभ्यता के बिना समाज की परिकल्पना नही की जा सकती है,आज के समय मे युवतियां शिक्षा के क्षेत्र मे काफी आगे है वही युवक काफी पिछड़ रहे है इससे आने वाले समय मे वर वधु ढूढने मे और अधिक परेशानी होगी इस असामनता शिक्षा से दूर हो सकता है।

इस अवसर पर आयोजक सतनामी समाज परिक्षेत्र अध्यक्ष राधाकृष्ण टंडन ,नपा अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे, जपं. अध्यक्ष चंनद्रिका जितेन्द्र बंजारे, मुकेश ढीढी, बलविंदर गांधी,नीलकमल गिलहरे, खेमराज कोसले,बसंत कोसरे, श्रीमति सुशीला हरवंश, बीरबल टंडन,केकती बाई सोनवानी, श्रीमती रानू बंजारे, हिमांश खरे, ▶▶| शेष पेज 13 पर

### राजीव लोचन कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का समापन

## धान कटाई के बाद खेत में बचे अवशेष प्राकृतिक कार्बन साइक्लिंग में योगदान देता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजिम में पीएम उषा द्वारा प्रायोजित 6 नवंबर से 8 नवंबर तक संस्था प्रमुख डॉ. सविता मिश्रा के मार्गदर्शन में संचालित सतत विकास के लिए पर्यावरण प्रबंधन पर आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का समापन हुआ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. विनय कुमार पाठक थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वन के बिना जीवन अधूरा है। प्रकृति, विकृति और संस्कृति-इन तीनों शब्दों में कृति निहित है, जो यह दर्शाता है कि मानव का प्रत्येक कार्य उसके व्यवहार पर आधारित होता है। जब हमारा व्यवहार संतुलित, संवेदनशील और उत्तरदायी होता है, तभी सही अर्थों में उसका क्रियान्वयन संभव



हो पाता है। अतः हमारे आचरण में निहित कृति ही यह निर्धारित करती है कि हम प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करेंगे या उससे दूर होते जाएंगे। कार्यक्रम के विशेष अतिथि के रूप में मौजूद उच्च शिक्षा विभाग के सहायक संचालक डॉ. गोवर्धन यदु ने कहा कि नकारात्मक ऊर्जा 90 प्रतिशत विद्यमान तथा सकारात्मक ऊर्जा 2 प्रतिशत है। सस्टेनेबल डेवलपमेंट का यही अर्थ है कि हम नकारात्मक ऊर्जा को सकारात्मक ऊर्जा में बदलकर उसका उपयोग करें। विशेष अतिथि आईएएसरूपेशचंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि सब में ईश्वर है ईश्वर में सब है। अतः हमें प्रकृति का उपयोग साध्य के रूप में करना चाहिए। अध्यक्षता करते हुए संस्था प्रमुख डॉ. सविता मिश्रा ने कहा कि क्षिति, जल, पावक, गगन और समीर-इन पंचतत्त्वों को ऋग्वेद में पंचमहाभूत कहा गया है। इन तत्वों के महत्व को स्पष्ट करते हुए उन्होंने सूक्ष्मता से बताया कि पर्यावरण प्रबंधन, इन महाभूतों के संतुलन को बनाए रखने का वैज्ञानिक माध्यम है, और सतत विकास के लिए इनका संरक्षण अत्यावश्यक है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. समीक्षा चंद्राकर, सह संयोजक डॉ. मोहन लाल वर्मा एवं कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती क्षमा शिल्पा चौहान, डॉ. देवेंद्र देवांगन, तामेश्वर मार्कण्डेय,श्रीमती श्वेता खरे,डॉ. सर्वेश कौशिक पटेल,खोमन साहू,निधि बग्गा,सोनम चंद्राकर, वासुदेव धीवर,राहुल सोनकर, खुबलाल साहू व तकनीकी सहायक मनीष साहू, गरिमा साहू, टेमन साहू को बधाई दी।

### कार्बन क्रेडिट पर्यावरण प्रबंधन का एक प्रभावी माध्यम

तीन दिवसीय सेमिनार के अंतिम दिवस के प्रथम सत्र में प्रमुख वक्ता डॉ. तरूण कुमार ठाकुर वैज्ञानिक प्रोफेसर ट्राइबल यूनिवर्सिटी अमरकंटक मध्यप्रदेश ने कहा कि कार्बन क्रेडिट पर्यावरण प्रबंधन का एक प्रभावी माध्यम है। किसान द्वारा धान कटाई के बाद खेत में बचा अवशेष प्राकृतिक कार्बन साइक्लिंग में योगदान देता है, जो जीवधारियों और पर्यावरण दोनों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए सरकार को चाहिए कि ऐसे किसानों को उचित प्रोत्साहन एवं मूल्य प्रदान करें, जो अपने कृषि कार्य से कार्बन संतुलन बनाए रखते हैं। जबकि यही कार्य किसी उद्योग द्वारा किया जाए तो उन्हें भारी भरकम क्षतिपूर्ति देनी होती है। वस्तुतः कार्बन के बिना जीवन की कल्पना असंभव है। इस सत्र में बतौर विषेषज्ञ डॉ. हित नारायण टंडन एचओडी शासकीय महाविद्यालय, कुरूद का सहयोग प्राप्त हुआ। इस तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में सलाहकार समिति के रूप में डॉ सुब्रत दोलूइ पीडीएफ, कॉनकॉर्डिया विश्वविद्यालय, कनाडा, डॉ. कमलकांत तिवारी एनआईटी गढ़वाल, उत्तराखंड, डॉ. नीरज श्रवण पीएमसीओई, मध्य प्रदेश का विशेष योगदान रहा।

## राष्ट्रीय गोला फेंक में छात्र घनश्याम ने बाजी मारी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अभनपुर के छात्र घनश्याम पंडेल ने हासन (कर्नाटक) में हुई अखिल भारतीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में गोला फेंक में तृतीय स्थान प्राप्त किया, वहीं छात्रा भूमिका नेताम ने 3000 मीटर दौड़ में सहभागिता की। इस उपलब्धि पर दोनो एथलीटो का विधायलय मे सम्मान किया गया। इस मौके पर अतिथियों ने विजेताओं को सम्मानित करते उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा विद्यार्थियों को उनसे प्रेरणा लेने का संदेश दिया। इस अवसर पर ज्ञान भारती शिक्षण समिति अध्यक्ष मोहनलाल अग्रवाल ,उपाध्यक्ष श्रीमती चेतना गुप्ता,व्यवस्थापक प्रदीप शर्मा,श्रीराम गोपाल सिन्हा, पार्षद श्रीमती दीक्षा राठी, प्राचार्य रूपचंद साहू ,टिकेन्द्र साहू सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### प्रतिबंधित नशीली दवा बेचते धरा गया युवक

रायपुर। खम्हारडीह पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 280 नग प्रतिबंधित नींद की गोली जब्त की है। साथ ही युवक के कब्जे से बिक्री की रकम दो सौ रुपए जब्त किए हैं। पुलिस ने भूषण साहू को नींद की गोली बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सेंट जेवियर स्कूल के पास छापा मारकर भूषण को नींद की गोली बेचते गिरफ्तार किया है।

### गोठान में सौर ऊर्जा से संचालित मोटर पंप चोरी

रायपुर। अभनपुर थाने में एक सरपंच प्रतिनिधि ने अज्ञात चोर के खिलाफ गोठान में लगे सौर ऊर्जा के 18 हजार रुपए के मोटर पंप चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अक्षय कुमार साहू ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर धनौद गोठान, जो चारों तरफ तार से घिरा है, अंदर प्रवेश कर वर्ष 2019 में सौर ऊर्जा से संचालित मोटर पंप चोरी कर ले गया।

### जिला, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस प्रवक्ता बनाने नेशनल टैलेंट हंट

रायपुर। कांग्रेस पार्टी पूरे देश में नेशनल टैलेंट हंट कार्यक्रम आयोजित कर रही है। टैलेंट हंट के द्वारा प्रतिभाओं का चयन कर पार्टी जिला, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रवक्ता बनने का अवसर दिया जायेगा। कांग्रेस पूरे देश में कांग्रेस पार्टी नेशनल टैलेंट हंट कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसके माध्यम से पार्टी देश के युवाओं को जो कांग्रेस की रीति नीति विचारधारा में भरोसा रखते हैं उनको मंच प्रदान करेगी। उनमें क्षमता होगी तो जिले से लेकर प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर प्रवक्ता बनने का मौका मिलेगा। छत्तीसगढ़ में भी हम प्रतिभाशाली युवाओं से आवेदन करने के लिए आमंत्रित करते हैं, 21 नवंबर तक ऑन लाइन आवेदन कर के कोई भी युवा इस अवसर का लाभ ले सकता है।

### सड़क दुर्घटना में बाइक चालक की मौत

मगरलोड। नयापारा से मगरलोड जाने वाले सड़क मार्ग में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। बाइक चालक मगरलोड निवासी गीतराम साहू की ट्रेक्टर के पहिये में आने से दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार 7 नवम्बर शुक्रवार की रात्रि करीब 7 बजे नयापारा की ओर से रेत से भरे ट्रेक्टर ग्राम भेंडरी की ओर जा रहे थे। उधर से बाइक चालक गीतराम मगरलोड की ओर आ रहे थे। ट्रेक्टर चालक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी।

# दूसरे दिन भी प्रभावित रहा दिल्ली फ्लाइट का सफर, ज्यादातर लेट आई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दिल्ली एयरपोर्ट के एटीसी सिस्टम में आई खराबी का असर दूसरे दिन भी आवाजाही करने वाले विमानों पर नजर आया। संचालित होने वाली इंडिगो की सभी फ्लाइट आधे से डेढ़ घंटे विलंब से संचालित हुई। उधर एटीसी का बिगड़ा सिस्टम ठीक होने के बाद रविवार को विमानों की आवाजाही सामान्य होने की उम्मीद है।

दिल्ली एयरपोर्ट का एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम की सेवा तकनीकी कारणों से बाधित हो गई थी। इसकी वजह से रायपुर समेत देश और विदेश की उड़ानों का संचालन प्रभावित हुआ था। दूसरे दिन शनिवार को भी विमानों की आवाजाही पर इसका असर नजर आया। दिल्ली से आने वाली ज्यादातर फ्लाइट लेट से रायपुर पहुंची तो उसकी वापसी भी देर से हुई। जानकारी के मुताबिक दिल्ली की सुबह 8.45 बजे आने वाली फ्लाइट अपने निर्धारित समय से आधे घंटे, दोपहर 12.15 बजे संचालित होने वाला विमान 30 मिनट लेट से आया। दोपहर 2.20 बजे आने वाली फ्लाइट 3 बजे यानी अपने निर्धारित समय से 40 मिनट, दोपहर 1.45 वाली सवा 3 बजे, शाम साढ़े 5 बजे की फ्लाइट सवा 6 बजे, रात 8 बजे की फ्लाइट पौने 9 बजे और रात 9.20 की फ्लाइट रात्रि पौने 11 बजे रायपुर विमानतल पहुंची। सूत्रों के मुताबिक एटीसी सिस्टम में आई तकनीकी खराबी में सुधार होने के बाद रविवार से विमानों का संचालन सामान्य तरीके से होने की उम्मीद है।

## बिगड़ा सिस्टम सुधरा, आज से सामान्य होगी उड़ान



### गोवा की फ्लाइट साढ़े 4 घंटे लेट

शनिवार को गोवा से आने वाली फ्लाइट अपने निर्धारित समय से साढ़े 4 घंटे विलंब से रायपुर पहुंची। इसके अलावा अहमदाबाद-रायपुर की उड़ान सवा घंटे विलंब, इंदौर वाली फ्लाइट आधा घंटा, पुणे-रायपुर 1 घंटे, मुंबई-रायपुर फ्लाइट सवा घंटे विलंब से पहुंची। इन उड़ानों के विलंब से संचालित होने की कोई विशेष वजह स्पष्ट नहीं की गई है।

## रीडेवलपमेंट प्लान के लिए निगम ने किया था ऑनलाइन टेंडर

# पांच दशक पुराने नवीन बाजार को संवारने तीन एजेंसियां तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- केंद्र को भेजा जाएगा प्रस्ताव
- 6 मंजिला व्यावसायिक परिसर बनेगा, रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल पर होगा काम

राजधानी के फूल चौक स्थित पांच दशक पुराने नवीन बाजार को तोड़कर 6 मंजिला व्यावसायिक परिसर बनाया जाएगा। नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर योजना शाखा द्वारा इसका रीडेवलपमेंट प्लान तैयार कराया जा रहा है। निगम ने इसके लिए आर्किटेक्ट भी फाइनल कर लिया है। कंसलेंट चयन के लिए ऑनलाइन टेंडर किया गया, जिसमें दिल्ली, भुवनेश्वर और रायपुर की एजेंसी ने दिलचस्पी लेते हुए निविदा में भाग लिया है। सबसे कम दर भरने वाली एजेंसी को नवीन बाजार को संवारने का मौका मिलेगा। वहीं कंसलटेंट द्वारा तैयार किए गए प्रस्ताव को केंद्र सरकार के पास भेजा जाएगा।

पंडरी मार्केट की तर्ज पर नवीन बाजार की जमीन पर बहुमंजिला व्यावसायिक परिसर बनेगा। 35 करोड़ का यह प्रोजेक्ट रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल पर तैयार होगा। वर्तमान में 2 एकड़ जमीन में दुकानें बनी हैं, जिसमें नगर निगम को हर साल राजस्व मिलता है, पर बाकी जगह पर कब्जा कर अवैध रूप से मकान व दुकानें बना ली गई हैं। यह जमीन सीमांकन कराने के बाद 4.5 एकड़ निकली है।

दरअसल, नगर निगम के आधिपत्य वाले नवीन बाजार की ढाई एकड़ जमीन पर अवैध कब्जा है। इसे देखते हुए महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर निगम मुख्यालय और जोन 4 की टीम द्वारा गत दिनों संयुक्त रूप से सर्वे कराया गया। तहसील से सीमांकन रिपोर्ट मिलने के बाद योजना शाखा के माध्यम से डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कराई गई। नए प्लान के दायरे में सभी पुराने निर्माण को तोड़कर अपने आधिपत्य की पूरी जमीन नगर निगम कब्जे में लेगा। नया मार्केट निर्माण होने पर मार्केट का दायरा दोगुना हो जाएगा।



### पुराने बाजार का होगा कायाकल्प, राजस्व बढ़ेगा

35 करोड़ के इस प्रोजेक्ट की ड्राइंग-डिजाइन तैयार कराने नगर निगम ने आर्किटेक्ट फाइनल कर लिया है। पुराने नवीन बाजार को आधुनिक व्यावसायिक परिसर का स्वरूप दिया जाएगा। हर सेक्टर के लिए एक बड़ा बाजार उपलब्ध कराने की योजना है। नवीन बाजार में सालों से व्यवसाय कर रहे पुराने व्यवसायिओं को व्यवस्थापन के तहत नियम अनुसार दुकानें आवंटित की जाएंगी। वहीं बची हुई दुकानों को नगर निगम सेलआउट करेगा। नए परिसर बनने से नगर निगम के राजस्व में अतिरिक्त वृद्धि होगी।

### पार्किंग के लिए मिलेगी पर्याप्त जगह, सड़क चौड़ी होगी

नवीन बाजार में सबसे बड़ी समस्या पार्किंग और सार्वजनिक प्रसाधन को लेकर है। प्लान के मुताबिक आधुनिक परियोजना के तहत नए परिसर का निर्माण करते समय दुकानों के हिसाब से वाहनों की पार्किंग के लिए पर्याप्त स्पेस रखा जाएगा। वहीं अवैध कब्जा हटाने के बाद यह सड़क पहले से और चौड़ी नजर आएगी। इससे फायदा ये होगा कि एमजी रोड, शारदा चौक, बंजारी मार्केट की तरफ योजना के मुताबिक नवीन मार्केट के पुनर्विकास से यह क्षेत्र व्यावसायिक परिसर के रूप में नजर आएगा।

### नए स्वरूप में होगा नवीन बाजार

नवीन बाजार को नया स्वरूप देने रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल पर काम कराया जाएगा। इसके लिए रीडेवलपमेंट प्लान बनाया गया है। योजना शाखा ने कंसलटेंट चुनने ऑनलाइन टेंडर कर दिया है। *- मीनल चौबे, महापौर, नगर निगम रायपुर*

# साइबर ठगी के तीन अलग-अलग मामलों में चार जालसाज गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- पार्ट टाइम जॉब, शेयर ट्रेडिंग में लाभ का झांसा देकर जालसाजों ने की थी 98 लाख की ठगी

ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब देने का झांसा देकर लोगों के साथ 98 लाख रुपए की ठगी करने के आरोप में रेंज साइबर पुलिस ने ऑपरेशन साइबर शिल्ड के तहत चार जालसाजों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश तथा आंध्रप्रदेश के जालसाज शामिल हैं। छत्तीसगढ़ के जिन दो जालसाजों को रेंज साइबर पुलिस ने गिरफ्तार किया है, वो दोनो बलरमापुर के रहने वाले हैं।



रेंज साइबर पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से महत्वपूर्ण दस्तावेज, बैंक विवरण और तकनीकी साक्ष्य जब्त किया है। तकनीकी विश्लेषण और बैंक ट्रांजेक्शन की ट्रैकिंग के आधार पर टीमों ने तीन अलग-अलग मामलों में मुख्य आरोपियों की पहचान कर पकड़ा है। गिरफ्तार आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

**केस 1**

### शेयर ट्रेडिंग में 20 लाख की ठगी, ग्वालियर से गिरफ्तार

खम्हारडीह थाना में पृथ्वीराज सिंह ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसे शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा दिलाने के नाम पर 20 लाख रुपए की ठगी की गई। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपी की पहचान कर मध्यप्रदेश, ग्वालियर निवासी प्रयल अस्थाना (31) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कई बैंक खाते और दस्तावेज जब्त किए हैं।

**केस 2**

### आनलाइन पार्ट टाइम जाब के नाम पर 7.4 लाख की ठगी

दूसरा मामला थाना मुजगहन का है। यहां प्रार्थी युवराज पिस्दा ने बताया कि उससे आनलाइन पार्ट टाइम जाब के बहाने 7.4 लाख रुपए की ठगी की गई। तकनीकी जांच में सामने आया कि जालसाजों ने मुंबई के बैंक में खाता खुलवाकर फर्जी लेनदेन किया। पुलिस ने इस मामले में बलरामपुर, वाड्रफनगर निवासी नेहरू लाल (23), मयंक कुमार पटेल (33) को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी मुंबई ठग गिरोह के हिस्सा थे और विभिन्न आनलाइन जॉब पोर्टलों के माध्यम से लोगों को झांसा देते थे।

**केस 3**

### शेयर ट्रेडिंग में 71 लाख रुपए की ठगी आंध्रप्रदेश से गिरफ्तारी

तीसरा मामला थाना सरस्वती नगर का है, जहां प्रार्थी डाकेस्वर सिंह ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उन्हें शेयर ट्रेडिंग में अधिक लाभ का झांसा देकर 71 लाख रुपए की ठगी की गई। तकनीकी जांच में पता चला कि आंध्रप्रदेश, विशाखापट्टनम निवासी जयराम वाजेंदला (52) ने करंट अकाउंट खोलकर अन्य साथियों के साथ ठगी की रकम ट्रांसफर की थी।

## जगदगुरु नरेंद्राचार्य के सत्संग कार्यक्रम में 240 ने की धर्म वापसी

# बीमारियों से परेशान होकर बने ईसाई ठीक नहीं होने पर हिंदू धर्म में वापसी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि लाइव

राजधानी रायपुर के दही हांडी मैदान गुढ़ियारी में शनिवार को जगदगुरु महाराज नरेंद्राचार्य के प्रवर्चन कार्यक्रम में 240 लोगों ने अपने मूल हिंदू धर्म में वापसी की। इन सभी लोगों ने हिंदू धर्म को त्यागकर ईसाई धर्म अपना लिया था। इन सभी लोगों ने जगदगुरु महाराज नरेंद्राचार्य के समक्ष इच्छा जाहिर की थी, वे सभी अपने मूल सनातन धर्म में लौटना चाहते थे। सभी की इच्छानुसार जगदगुरु महाराज ने पूजा-पाठ, हवन तथा मंत्रोच्चार कर उनका शुद्धिकरण कर हिंदू धर्म में वापसी कराई। हरिभूमि ने लोगों से बातचीत की। इस बातचीत के दौरान पता चला कि ज्यादातर लोग अपने परिवार के किसी न किसी सदस्य की गंभीर एवं असाधारण बीमारी ठीक नहीं होने से परेशान होकर ईसाई धर्म अपनाया था, लेकिन धर्मांतरण के बाद भी जब बीमारी ठीक नहीं हुई, तो उन्हें धर्म त्यागने की गलती का एहसास हुआ और वे सभी अपना मूल धर्म अपना रहे हैं।

**केस- 1**

### दादा-दादी ने 12 वर्ष पहले अपनाया था ईसाई धर्म

सत्संग एवं शुद्धिकरण कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ से लगे सीमावर्ती राज्य महाराष्ट्र के गोंदिया जिले के ग्राम घोनाडीह में रहने वाले कई धर्मांतरित परिवार भी पहुंचे थे। इनमें एक परिवार की दो बहनें भी पहुंची थीं, जिनमें एक स्तुती गावतुरे कक्षा 12वीं की छात्रा है, वहीं उसकी छोटी बहन आराधना कक्षा 9वीं की छात्रा है। स्तुती ने बताया कि उसके पैदा होने से पहले उसके दादा-दादी ने क्रिश्चियन धर्म अपनाया था, जिसके कारण उनके माता-पिता को भी यह धर्म अपनाना पड़ा था। यही वजह है कि उन्हें भी मजबूरी में क्रिश्चियन धर्म को मानना पड़ रहा था, लेकिन लगभग चार साल पहले उनके दादा-दादी को सनातन धर्म को त्याग करने की गलती का एहसास हुआ और उन्होंने वापस हिंदू धर्म को अपनाया।

**केस- 2**

ग्राम केसाल राजनांदगांव निवासी गोविंद मरकाम खेती-किसानी करता है। उसने बताया कि उसकी पत्नी फुनेश्वरी और 3 बच्चे हैं। उसकी पत्नी की तबीयत हमेशा खराब रहती थी, जिससे परेशान होकर परिवार सहित क्रिश्चियन धर्म अपना लिया था। धर्म परिवर्तन करने के सालभर बाद भी जब उसकी पत्नी की तबीयत में सुधार नहीं आया, तो उसने हिंदू धर्म में लौटने का मन बनाया। दंपति ने वापस सनातन धर्म अपनाया है।

**केस- 3**

ग्राम घोनाडीह जिला गोंदिया निवासी विनायक रामजी भोगरे एवं उसकी पत्नी सुनीता ने भी शुद्धिकरण कराकर सनातन धर्म में वापसी की है। इस दंपति ने बताया कि उसके 12 वर्ष के एक बच्चे को हृदय रोग था, जिससे वे परेशान थे। इस बच्चे की जान बच जाए इस खातिर उन्होंने क्रिश्चियन धर्म अपनाया था, लेकिन उसके बच्चे की जान बच नहीं पाई, बल्कि उसके 22 वर्षीय बड़े लड़के की भी मौत हो गई। इस घटना ने उन्हें एहसास कराया कि सनातन धर्म का त्याग नहीं करना था। यही कारण है कि दोनों ने मूल धर्म में वापसी की है।

**केस- 4**

ग्राम अकोला पेंदूरी मोहला-मानपुर निवासी ठाकुरराम पिद्दा एवं उसकी पत्नी ने भी हिंदू धर्म में वापसी की। ठाकुरराम ने बताया कि वह खेती-किसानी करता है तथा उसके 3 बच्चे हैं। उसकी पत्नी की तबीयत खराब होने से परेशान होकर उसने क्रिश्चियन धर्म अपना लिया था, लेकिन धर्म त्यागने से उसका परिवार खुश नहीं था।

**केस- 5**

ग्राम भखारा धमतरी निवासी चुम्मन साहू ने अपनी पत्नी वंदना एवं 8 वर्ष की छोटी बेटी के साथ सनातन धर्म में वापसी की। चुम्मन ने बताया कि करीब 5 वर्ष पहले उसकी अचानक तबीयत खराब हो गई थी। कई अस्पताल बदलने के बाद भी उसकी बीमारी ठीक नहीं हो पाई। इससे परेशान होकर उसने धर्म परिवर्तन किया था, लेकिन उसकी बीमारी जस की तस है, इसलिए अब उसने पुनः अपने मूल सनातन धर्म को अपनाया है।

# राज्योत्सव में जाने के विवाद पर दामाद ने सास का किया मर्डर

रायपुर। माना थाना क्षेत्र के बरौद, फोकटपारा में राज्योत्सव में शामिल होने जाने के विवाद पर एक व्यक्ति ने अपनी सास के चेहरे पर मुक्का मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिसकी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। सास पर हमला करने के बाद युवक फरार है। आरोपी को गिरफ्तार करने पुलिस उसके छिपने के संबंधित ठिकानों पर छापे की कार्रवाई कर रही है। पुलिस के अनुसार विरेंद्र कुमार कुर्रे ने अपनी सास राजबाई बांधे (65) की हत्या की है। घटना दिनांक को विरेंद्र अपने ससुराल पहुंचा था। विरेंद्र की पत्नी राज्योत्सव में जाने की जिद कर रही थी। इस बात को लेकर विरेंद्र अपनी ससुराल के लोगों के साथ विवाद करने लगा और किसी को राज्योत्सव में नहीं जाने की हिदायत दी। इस बात को लेकर विरेंद्र का अपने ससुराल वालों के साथ विवाद हुआ। विवाद के दौरान विरेंद्र अपनी पत्नी के बाल खींचकर मारने लगा। बीच बचाव करने राजाबाई आई, तो विरेंद्र ने उसका सिर पकड़कर चेहरे पर पांच-छह मुक्के जड़ दिए। मुक्का मारने से राजबाई बेहोश होकर गिर गई, चेहरा लहू लुहान हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई।





## राशन दुकानों में अब तक नहीं पहुंचा अनाज

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने कहा है कि प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) पूरी तरह अव्यवस्थित हो चुकी है। महीने की 8 दिन बीत जाने के बाद भी अधिकांश राशन दुकानों में पूर्ण मात्रा में अनाज नहीं पहुंच पाया है, जिससे आम जनता को भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि दुकानों में अभी तक राशन नहीं पहुंचने के कारण बहुत-सी दुकानें बंद हैं। उपभोक्ता इधर-उधर चक्कर काट रहे हैं, कई बार उपभोक्ताओं और दुकानदारों के बीच विवाद की स्थिति बन रही है। श्री अग्रवाल ने मांग की है कि प्रदेश की सभी राशन दुकानों में तत्काल अनाज की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और कांग्रेस सरकार के समय की तरह नियमित एवं समयपूर्व वितरण प्रणाली लागू की जाए, ताकि आमजनों को राहत मिल सके।

# शादी के बिन बुलाए मेहमान बने राजगढ़ के चोर, नोटों से भरा बैग पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शादी सीजन शुरू होने के साथ ही मध्यप्रदेश, राजगढ़ के चोर गिरोह ने अपनी आमद दर्ज करा दी है। चोर गिरोह के शातिरों ने गुढ़ियारी स्थित एक मैरिज कार्यक्रम में कैश एक लाख, महंगे मोबाइल तथा उपहार में मिले गिफ्ट कैश से भरे पर्स चोरी कर ले गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस अपराध दर्ज कर घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल कर रही है।

नितेश राजपूत ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। नितेश ने पुलिस को बताया है कि छह नवंबर को वह परिवार के साथ साले पुष्पेंद्र गंजीर की शादी में शामिल होने के लिए गया था। शादी समारोह ओशो मैरिज गार्डन में आयोजित था। घटना दिनांक को शाम के समय आशीर्वाद समारोह में नितेश ने कैटरिंग तथा टेंट कर्मचारियों को देने के लिए एक लाख रुपए अपनी पत्नी नेहा को दिए थे। जिस पर्स में नेहा लोगों से मिले उपहार की राशि रख रही थी, उसी पर्स में उसने अपने पति द्वारा दिए गए कैश भी रख दिए।

## गुढ़ियारी थाना में सीजन में चोरी का पहला मामला दर्ज

### व्यस्तता का फायदा उठाकर पर्स चोरी कर ले गया चोर

नोटों से भरे पर्स में नेहा ने अपना मोबाइल रखकर एक कुर्सी पर रख दिया और किसी काम से उठकर गई। वापस आने पर उसने देखा, कुर्सी से पर्स गायब है। इसके बाद उसने इसकी जानकारी अपने पति को दी। नितेश तथा अन्य परिजन ने आसपास उपस्थित लोगों से पर्स के संबंध में पूछताछ की, लेकिन पर्स का पता नहीं चला। रात 10 से 11 बजे के बीच पर्स चोरी होने की घटना हुई है।



फाइल फोटो

### ठाठ ऐसा कि कोई पहचान न पाए

चोरी करने वाले जहां चोरी करने जाते हैं, वहां सूट-बूट पहनकर पहुंचते हैं। गिरोह में महिलाओं के साथ बच्चे भी शामिल रहते हैं। जो चोरी करता है, वह बैग अपने साथी को थमा देता है। इसके बाद चोर समारोह स्थल के बाहर अपने साथी को चोरी का माल थमा देता है। वह आदमी माल लेकर तत्काल राजगढ़ के लिए रवाना हो जाता है। यही कारण है कि पकड़े जाने के बाद भी गिरोह के लोगों से चोरी का माल बरामद नहीं होता।

### सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल की जा रही

शादी समारोह में चोरी करने वाले गैंग को लेकर सभी थानों को अलर्ट किया गया है। गुढ़ियारी में चोरी की घटना की पड़ताल के लिए घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल की जा रही है। - **संजय सिंह**, डीएसपी क्राइम

## खबर संक्षेप

### घोड़ारी चौक में एक व्यक्ति से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम घोड़ारी के चौक में एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने के मामले में सिटी कोतवाली में आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को पुनीतराम निवासी वार्ड नंबर 07 घोड़ारी ने बताया कि 6 नवंबर को दोपहर करीब 02 बजे घोडारी चौक में बैठा था। इसी दौरान गांव का खेमराज जांगड़े आया और पुरानी रंजिशवश गाली देने लगा। मना करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया। मारपीट करने से उसके कमर, सीना, पेट में चोट आई है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### मजदूरों का पलायन मामले में 1 गिरफ्तार

**महासमुंद।** मजदूरों को बिना अनुज्ञप्ति व पलायन पंजी में दो मजदूर दलाल के खिलाफ पुलिस में दर्ज किए बगैर बाहर भेजने के मामले बीएनएस की धारा 143, 3(5) के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज कर दलालों की तलाश की जा रही थी। जिसमें से एक मजदूर दलाल पुलिस गिरफ्त में है। मिली जानकारी के अनुसार आरोपियों में से एक रामदास दीवान को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है, वहीं गंगाराम प्रजापति की खोजबीन की जा रही है। बता दें कि पिथौरा क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 53 से होकर चलने वाली बसों में रोजाना मजदूरों को रायपुर भेजा जाता है, जहाँ से उन्हें ट्रेन व अन्य साधनों के जरिए राजस्थान, उत्तरप्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र जैसे राज्यों के ईंट भट्ठों में पहुंचाया जाता है।

## निधन

### सखाराम साहू



**नवापारा-राजिम।** ग्राम नवागांव (बुड़ेनी) निवासी सामाजिक कार्यकर्ता सखाराम साहू का निधन शनिवार को हो गया। वे हेमलाल साहू, यादराम साहू एवं हेमंत साहू के पिताजी थे। उनके अंत्येष्टि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक एवं ग्रामीण जन शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किए।

## पेज 11 के शेष

### कुल्हाड़ीघाट के ...

क्विंटल, क्विंटल झुरगा खरीदकर ले जाते है, वैसे तो कुल्हाडीघाट में किसान इस झुरगा की फसल को 120 रूपये किलो के दर से बेचते है लेकिन व्यापारी इसे बड़े शहरों में ले जाकर कुल्हाडीघाट का पेकिंग और कंवर, स्ट्रीकर लगाकर उंचे दामों पर बेचते है रायपुर में भी आसानी से कुल्हाडीघाट के नाम से झुरगा उंचे दामों पर आसानी से उपलब्ध हो जाती है।

### भाजपा मंडल राजिम...

लोकेश सोनी, राजेश परमार, मीना ध्रुव, आशीष शिंदे, देवकी साहू, राधे श्याम सोनी, श्यामलाल साहू, बादल साहू, युवराज साहू, यशवंत साहू, दीपक साहू, सुमन साहू, प्रेमलाल साहू, जीवन साहू, लीलाराम साहू, नंदूराम साहू, योगेश साहू, ईश्वर साहू, योगेश्वर पुरी गोस्वामी, दौलत भोसले, रोमन बंजारे, गोविंद पाल, गोविंद राम साहू, विजय सिंह ठाकुर, हेमंत साहू, शिवकुमार साहू, लिखम साहू, सत्यनारायण धीवर, मुकेश ध्रुव, लेखराम ध्रुव, यशवंत सेन, भूषण धीमर, विष्णु पटेल, राघवेंद्र ध्रुव, संतोष साहू एवं बूथ अध्यक्ष, बूथ सचिव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सतनामी समाज के ...

रानी मनोज सोनवानी, नंदनी खुटियारे, आसकरण गिलहरे, टिकेश्वर गिलहरे, ओंकार बंजारे, पन्नालाल नवरंगे, अखिलेश निराला, त्रिवेन्द्र टंडन, जयवर्धन बघेल, राकेश बघेल, मुन्ना बांधे, कमलेश गिलहरे, भूपेन्द्र महिलांग, अशोक डहरिया, पन्नालाल नवरंगे, टिकेन्द्र बघेल, छन्नू बघेल, नवीन बंजारे, बिसहत कोसले, रंजीत भारती, तुलेश्वर रात्रे, टुकेश बांधे, नाम्हे धृतलहरे, थानेश्वर मिरी, रंजीत भारती आदि बड़ी संख्या मे उपस्थित रहे।

# राधाकृष्ण मंदिर महोत्सव में हजारों लोगों ने प्रसादी ग्रहण किया

**नवापारा-राजिम।** शहर के राधाकृष्ण मंदिर के शताब्दी महोत्सव के सातवें दिवस रविवार को दो हजार सात सौ लोगों ने भोजन प्रसादी ग्रहण किया। यहां पटेल समाज, सिन्हा समाज, भट, राव, मराठा समाज के लोगों का स्वागत तिलक वंदन कर अपर्णा ओढ़ाकर किया गया।

पटेल समाज के लोग बाजे, गाजे के साथ फल, फ्रुट, हरी सब्जी लेकर मंदिर प्रांगण में प्रवेश किए। राधाकृष्ण के जयकारे के साथ पूजा किया। प्रतिदिन यहां श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। मंदिर के सर्वराकार मोहनलाल ट्रस्टी गोपाल-गिरधारी अग्रवाल



यहां पहुंच रहे सभी समाज के लोगों का अभिवादन करते हुए हाथ जोड़कर भोजन प्रसाद लेने का आग्रह करते दिखाई देते है। अभिषेक, प्रतीक, नयन,रवि, प्रणय, गौरी, पूजा, निधि, वर्षा, भारती सहित अन्य सदस्य आने वाले भक्तों का स्वागत सत्कार कर रहे है। महिलाओं में कुसुम, सविता, बीना अग्रवाल सामाजिक महिलाओं का तिलक वंदन कर स्वागत कर रही है। परशुराम हलवाई अपने 55 साथियों के साथ शुभ 5 बजे से भोजन बनाने में लगे रहते है,एक तरफ भोजन प्रसादी के साथ साथ निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का लोग लाभ उठा रहे है।

**समस्या:** दर्जनों बार तैयार हुई पार्किंग की प्लानिंग लेकिन, हर बार हुई फेल

# बैंकों के बाहर पार्किंग नहीं, मुख्य मार्ग में बनी रहती है जाम की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के मुख्य मार्ग में स्थित अधिकतर बैंकों में पार्किंग की जगह ही नही है। इसके कारण यहां पहुंचने वाले ग्राहकों की वाहनें सड़क के किनारे से पार्किंग लाईन के बाहर तक खड़ी हो रही हैं। इसके कारण मुख्यमार्ग की चौड़ाई भी घटी रहती है और इन बैंकों के आसपास लगातार यातायात प्रभावित होता रहता है। शहर के प्रमुख बैंकों स्टेट बैंक, सेंट्रल बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, एचडीएफसी, पीएनबी एक्सिस बैंक और अन्य शाखाओं के बाहर रोज़ाना पार्किंग को लेकर ग्राहकों को जद्दोजहद करनी पड़ती है। गलत तरीके से



वाहन खड़ा करने के चलते चलते ट्रैफिक पुलिस को चालान करना पड़ता है। बावजूद इसके स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्राहकों को वाहन खड़ा करने की जगह नहीं मिलती, जिससे सड़क किनारे बाइक और कारों की लंबी कतारें लग जाती हैं। इससे, न केवल ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती है बल्कि आसपास के दुकानदारों और राहगीरों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ती है।

### व्यापारियों ने जताई नाराजगी

बाजार एरिया के व्यापारियों की मानें तो बैंक आने-जाने वालों की गाड़ियां दुकानों के सामने लग जाने से व्यापार प्रभावित होता है। दुकानदार विजय अग्रवाल ने कहा कि नगर पालिका और बैंक प्रबंधन को मिलकर वैकल्पिक पार्किंग स्थल तय करना चाहिए। कई बार पार्किंग के लिए प्लानिंग होने के बावजूद इसे लागू नही किया जा सका है।

### ग्राहकों की परेशानी बढ़ी

ग्राहकों का कहना है कि बैंक में काम से ज्यादा वक्त तो वाहन खड़ी करने की जगह तलाशने में लग जाता है। ग्राहक रेखा शर्मा ने कहा कि हर बार बैंक आने पर यही समस्या होती है। महिलाएं और बुजुर्ग सबसे ज्यादा परेशान होते हैं।

### पालिका दे रही है आश्वासन

नगर पालिका के अधिकारी अशोक सलामे ने बताया कि शहर के मुख्य मार्गों पर ट्रैफिक दबाव कम करने और पार्किंग की व्यवस्था सुधारने के लिए प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। बैंकों के पास चिन्हित पार्किंग स्थल बनाए जाने की योजना है।

### पुलिस भी परेशान

ट्रैफिक पुलिस की मानें तो बैंक के आसपास रोज गाड़ियां गलत तरीके से खड़ी की जाती हैं। कई बार समझाइश के बाद भी स्थिति नहीं सुधरती। यदि बैंक प्रबंधन स्वयं पार्किंग स्पेस की व्यवस्था करे तो समस्या काफी हद तक हल हो सकती है।

# बैलोनो कार ने खड़ी अर्टिगा को मारी टक्कर, चालक फरार

**फिंगेश्वर।** 8 नववंबर की रात्रि 10 बजे के बाद पंडित दीनदयाल उद्यान के पास रहने वाले लिपिक खोवाराम दीवान की घर के बाहर रखे अर्टिगा कार को तेज गति एवं लापरवाही पूर्व चलाते हुए अज्ञात बैलोना कार ने ठोकर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। कार की ठोकर से दीवाल जहां गिरी वहीं पर बैलोनो कार भी डेमेज होने के साथ टायर भष्ट हो गया जिस के चलते कार चालक को कार छोड़कर रात मे ही भागना पड़ा। इस मामले को लेकर खोवाराम दीवान ने बताया कि हम लोग घर मे ही थे अचानक 10 बजे रात को जोरदार आवाज आई तो हम लोग बाहर लिकले तो देखा कि एक नीले कलर की बैलोनो कार जिसका नंबर सीजी 05 एए 7256 ने मेरे घर के सामने खड़ी अर्टिगा कार का सीजी 04 पीजी 6521 को पीछे से ठोकर मार दी जिसके चलते कार अपने स्थान से लगभग 10 फीट सरकते हुए आगे बढ़ गया और उसका पूरा पीछला हिस्सा बुरी तरह से डेमेज हो गया। इस घटना की रिपोर्ट मेरे द्वारा रात मे ही पुलिस थाना मे कर दिया गया था जिसके चलते पुलिस रात में ही आकर घटना स्थल का निरीक्षण कर सुबह कार्यवाही करने की बाते कहीं थी। उन्होंने बताया कि यह बैलोनो कार मौलीपारा मे निवासरत शिक्षक चक्रधर सरदार की बताया गया है। घटना करने वाला उसका पुत्र लवकुमार सरदार बता रहे हैं जो घटना के बाद से अपनी कार छोड़कर फरार हो गया है। फिर हाल इस मामले की जांच पड़ताल फिंगेश्वर पुलिस करने मे लगी है।




# समाज के कमजोर वर्गों को निःशुल्क एवं सक्षम कानूनी सेवाएं प्रदान करना प्राधिकरण का उद्देश्य : आफरीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नालसा एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के स्टेट प्लान ऑफ एक्शन के तहत विशेष राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय दिवस पर आयोजित होने वाले शिविर व कार्यक्रम पर 9 नवंबर को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया के मार्गदर्शन पर जिला सहित तहसील मुख्यालयों के न्यायाधीशों तथा प्राधिकरण के अधिकार मित्रों द्वारा ग्राम पंचायतों, छात्रावासों सहित सार्वजनिक स्थानों में जाकर शिविर आयोजित किया गया। अधिकार मित्र हरिचंद ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस पर विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दिए जाने वाले विधिक सेवा गतिविधियों जैसे विधिक सलाह, सहायता पर अधारित जानकारी नागरिको को प्रदान की गई। इसी तारतम्य में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आफरीन बानो द्वारा पोस्ट मैट्रिक बालिका छात्रावास मचेवा तथा प्री मैट्रिक बालिका छात्रावास मौहारी भाठा में उपस्थित छात्राओं को



विधिक सेवा संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस पूरे देश में प्रतिवर्ष 9 नवंबर को मनाया जाता है। यह दिवस 9 नवंबर 1995 को लागू हुआ था। यह दिवस नागरिकों को विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम के विभन्न प्रावधानों और अधिकारों के बारे में जागरूक करने के लिए मनाया जाता है। जिस संबंध में सभी के लिए न्याय सुनिश्चित किया गया है और गरीबों तथा समाज के कमजोर वर्गो के लिए निःशुल्क कानूनी सहायता की व्यवस्था की गई है। समानता के आधार पर समाज के कमजोर वर्गो को सक्षम विधिक सेवाए प्रदान करने के लिए वर्ष 1987 में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम पास किया गया। इसी के तहत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) का गठन किया गया है, जो कानूनी सहायता कार्यक्रम लागू करने और उसका मूल्यांकन एवं उनके सतत निगरानी का कार्य कर लोगों को कानूनी सहायता एवं सलाह उपलब्ध कराती है। इसी प्रकार प्रत्येक राज्य में एक राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जिसके अंतर्गत उस राज्य के पूरे सभी जिलों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा तहसील क्षेत्रों में तालुका विधिक सेवा समिति का गठन किया गया है। इसका कार्य नालसा की नीतियों और निर्देशों को कार्य रूप देना और लोगों को निःशुल्क कानूनी सेवाएं प्रदान कराना होता है। प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास गुडरूपारा में प्रशिक्षु सिविल न्यायाधीश प्रियदर्शन गोस्वामी और अदित्य जैन द्वारा छात्राओं को विधिक जागरूकता थीम पर अधारित विभिन्न विषयों पर जानकारी दी गई।

# वंदे मातरम गीत देश के प्रति सम्मान और समर्पण की भावना सिखाता है

**फिंगेश्वर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में 07 नवंबर को वंदे मातरम दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम को शाला के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया। तत्पश्चात संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू द्वारा वंदे मातरम दिवस पर जानकारी देते हुए कहा कि वंदे मातरम भारत का राष्ट्रीय गीत है।यह गीत देश की स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ा हुआ है। यह गीत हमें मातृभूमि के प्रति सम्मान और समर्पण की भावना सिखाया जाता है। वंदे मातरम को कवि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा लिखा गया जिसे प्रसिद्ध उपन्यास आनंदमठ से लिया गया है। 14 अगस्त 1947 को संविधान सभा की पहली बैठक वंदे मातरम से शुरू हुई थी जिसे 24 जनवरी 1950 को संविधान सभा ने अपनाया था।वंदे मातरम गीत देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव की भावना पैदा करने के साथ भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाता है। यह गीत हमें मातृभूमि की रक्षा और बचाव के लिए प्रेरित करता है। इस वर्ष 2025 में वंदे मातरम गीत की रचना के 150 वर्ष पूरे हो रहे है।बंकिमचंद्र चटर्जी द्वारा रचित राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम अक्षय नवमी के पावन अवसर पर 7 नवंबर 1875 को लिखा गया था।इस अवसर पर संस्था के



प्राचार्य पूरन लाल साहू, व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, विनय कुमार साहू, नरेंद्र कुमार वर्मा, योगेश सोनकर, गीतांजली नेताम, कीर्ति निषाद शिक्षक नकुल राम साहू, रुद्र प्रताप साहू, क्लर्क दुष्यंत कुमार साहू, भृत्य आकाश सूर्यवंशी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# बागबाहरा में अखिलेश का यादव समाज ने किया स्वागत




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

ओडिशा प्रवास पर बागबाहरा पहुंचे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का नगर में यादव समाज ने स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने समाज में शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। रविवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ओडिशा प्रवास के दौरान बागबाहरा पहुंचे। उनके नगर आगमन पर यादव समाज ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष यादव ने अपने संबोधन में शिक्षा को विकास की सबसे बड़ी कसौटी बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बिना किसी भी समाज के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। समाज के होनहार बच्चों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में समाज को आगे आकर मदद करने का आग्रह किया। उन्होंने समाज को एकजुट होकर आगे बढ़ने का आह्वान भी किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से यादव समाज से विधायक द्वारिकाधीश यादव, राजू यादव, राजेश कुमार यादव, जगदीश यादव, डुमन यादव, नंदलाल यादव, प्रीतम यादव, सुंदर यादव, भेखराम यादव, हरिशंकर यादव, राहुल यादव, मनोहर यादव, कन्हैया यादव, चरण यादव, पतित यादव, मंता यादव, प्रदीप यादव, कुबेर यादव, हेमलाल यादव, धरम यादव, सतीश यादव, बजरंगी यादव, हरिराम यादव, बलराम यादव, पन्ना यादव, केजू यादव, राजू यादव, कुंदन यादव, लालाराम यादव, मेघनाथ यादव, नंदकुमार यादव, सालिक राम यादव, हुमेश यादव, पीतांबर यादव, भुनेश्वर मलिक, नंदू यादव, सोनऊ यादव, बाबूलाल यादव, यशवंत यादव, लेखराम यादव, बलदेव यादव, धनेश यादव, मोहन यादव, भूषण यादव, पवन यादव, संतोष यादव सहित बड़ी संख्या में यादव समाज के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### किया सम्मान

बागबाहरा पहुंचे सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का सर्व यादव समाज ने गजमाला से स्वागत के साथ ही सम्मान किया। जिस पर राष्ट्रीय अध्यक्ष यादव ने स्थानीय विधायक द्वारिकाधीश यादव सहित यादव समाज का आभार जताया।

## समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 15 से, अवैध भंडारण व परिवहन पर निगाह

# धान खरीदी की तैयारी, 182 उपार्जन केंद्रों के लिए 74 नोडल अधिकारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सहकारी समिति कर्मचारियों की हड़ताल के चलते धान खरीदी की तैयारी की व्यवस्था भी चरमराई हुई है। जिले के 182 धान खरीदी केंद्रों में 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी होनी है। खरीदी के लिए बारदानों की व्यवस्था की जा रही है। धान खरीदी केंद्रों के संचालन, पर्यवेक्षण एवं नियंत्रण के साथ उपार्जित धान के भुगतान के लिए आवश्यक राशि, बारदाने एवं परिवहन की व्यवस्था सुचारू रूप से सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने नोडल अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिले के 182 धान खरीदी केंद्रों के लिए जिला एवं अनुविभागीय स्तर के कुल 74 अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। नोडल अधिकारी अपने-अपने आवंटित केंद्रों में शासन द्वारा निर्देशित आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता और तैयारी सुनिश्चित करेंगे। धान खरीदी प्रारंभ होने से पूर्व नोडल



अधिकारी केंद्रों का निरीक्षण कर निर्धारित चेकलिस्ट अनुसार सभी प्रारंभिक तैयारियां पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे।

साथ ही धान खरीदी अवधि के दौरान प्रति सप्ताह एक बार निरीक्षण कर समर्थन मूल्य पर खरीदी प्रक्रिया का सही क्रियान्वयन, केंद्रों में धान स्टॉक तथा नए-पुराने बारदाने का सत्यापन करेंगे। संबंधित जानकारी निर्धारित पत्रक में जिला कार्यालय को भेजेंगे। जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों को साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में धान उपार्जन की स्थिति से अवगत कराना होगा।

### भुरकोनी में 1265 बोरी धान जब्त

एसडीएम पिथौरा बजरंग अग्रवाल, नायब तहसीलदार एवं हल्का पटवारी की संयुक्त टीम ने दिनेश अग्रवाल के घर पर औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान लगभग 3000 बोरी धान भंडारित पाया गया। पूछताछ में दिनेश अग्रवाल ने 1735 बोरी धान के संबंध में कृषि उपज मंडी का सौदा पत्रक प्रस्तुत किया गया। शेष 1265 बोरी धान के संबंध में वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए। राजस्व विभाग की टीम ने नियमानुसार 1265 बोरी धान को जब्त किया।

### नियंत्रण कक्ष बनाया गया

जिले में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले में जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। यह नियंत्रण कक्ष विपणन संघ कार्यालय महासमुंद तथा जिला खाद्य अधिकारी कार्यालय महासमुंद में संचालित होगा। जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष प्रभारी के रूप में सहायक खाद्य अधिकारी मनीष यादव को नियुक्त किया गया है।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### जिपं सदस्य नेहा ने चबूतरा निर्माण का लोकार्पण किया



**मैनपुर।** रविवार को ग्राम पंचायत डूमरपीटा में चबूतरा निर्माण का लोकार्पण जिला पंचायत सदस्य नेहा सिंघल द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर एवं फीता काटकर किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद सदस्य गजेंद्र सोम, जनपद सदस्य शंकर नागेश, संजय साहू, पूर्व देवभोग नगर पंचायत उपाध्यक्ष मूनू राम पाण्डे, डूमरपीटा सरपंच रोशनी प्रधान, उप सरपंच, समस्त पंचगण और ग्रामीण उपस्थित थे।

### साहसिक शिविर के लिए सौरव साहू चयनित

**मैनपुर।** शासकीय नवीन महाविद्यालय गोहरापदर, जिला गरियाबंद के एनएसएस इकाई के स्वयंसेवक सौरव साहू (बी.कॉम तृतीय सेमेस्टर) का चयन 10 से 19 नवंबर 2025 तक हिमाचल प्रदेश के मनाली स्थित अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण एवं संबद्ध खेल संस्थान एबीवीआईएमएएस में आयोजित होने वाले साहसिक शिविर के लिए हुआ है। सौरव का चयन उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के आधार पर किया गया है। यह शिविर राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसमें देशभर के चुनिंदा स्वयंसेवकों को पर्वतारोहण, ट्रैकिंग, आपदा प्रबंधन, नेतृत्व क्षमता, टीम वर्क एवं व्यक्तित्व विकास जैसे विषयों का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. टीएस सोनवानी ने सौरव की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह अवसर छात्र के व्यक्तित्व विकास एवं नेतृत्व कौशल को नई दिशा देगा तथा महाविद्यालय के लिए गौरव की बात है। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी श्री सनत कुमार ने बताया कि सौरव साहू की लगन, अनुशासन एवं सेवाभाव के कारण उनका चयन संभव हुआ। उन्होंने सौरव को सफल प्रशिक्षण एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। सौरव साहू ने चयन के लिए मार्गदर्शन व सहयोग के लिए महाविद्यालय प्रबंधन व एनएसएस इकाई के प्रति आभार व्यक्त किया तथा कहा कि वे शिविर में छत्तीसगढ़ और अपने महाविद्यालय का नाम रोशन करने का पूरा प्रयास करेंगे। सौरव की इस उपलब्धि से महाविद्यालय परिसर में हर्ष का वातावरण है, अभाविप जिला संयोजक क्षितिजनारायण तिवारी, नगर मंत्री लिकेश नागेश, कृष्णकांत वैष्णव, मनीष सिन्हा ने बधाई दी तथा छात्रों में भी उत्साह देखने को मिल रहा है।



# फूलचंद कॉलेज में वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ और सरदार पटेल जयंती पर यूनिटी मार्च पास्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवापारा-राजिम

फूलचंद महाविद्यालय राष्ट्रीय राष्ट्रीय सेवा योजना व रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में वंदे मातरम के 150 पूर्ण वर्ष होने पर व सरदार वल्लभभाई पटेल के 150 वी जयंती पर स्वयं सेवकों ने सामूहिक वंदे मातरम गान के साथ सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती पर यूनिटी मार्च पास्ट का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में ग्रामीण जिला संगठक डॉ.आर के रजक कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्यामा शांडिल्य अविनाश शर्मा, ठाकुर राम साहू, विकास साहू, चितरंजन साहू के साथ 65 स्वयंसेवक ने हिस्सा लिया। डॉ आरके रजक ने कहा कि वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ एक स्मरणीय अवसर के साथ राष्ट्रीय एकता आत्म गौरव और मातृभूमि के प्रति समर्पण का जीवन्त संदेश है। यह आयोजन नई पीढ़ी को भारत की सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ते हुए उनमें देशभक्ति, कर्तव्य निष्ठा और राष्ट्रीय चेतना की भावना को और गहराई देगा। वंदे मातरम केवल गीत नहीं बल्कि भारत की आत्मा का स्वर है जिसकी गूंज हर नागरिक के हृदय में नई ऊर्जा और गौरव का संचार करेगी। कार्यक्रम के दूसरे चरण में राष्ट्रीय सेवा योजना के अदभुत खेल बाज झपट्टा सरदार भगत सिंह व स्वामी विवेकानंद दो टीमों के बीच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें भगत सिंह समूह ने पांच अंकों से मात देकर विजयी रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ श्यामा शांडिल्य ने किया।






## पहले 150 से 200 आते थे, अब 800-1000 रूपए के बिल मिल रहा

# हाफ योजना के नियम बदलने व टैरिफ वृद्धि से उपभोक्ता परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रसेला

क्षेत्र में इस महीने उपभोक्ताओं को बिजली बिल का तगड़ा झटका लगा है। पहले जिन लोगों के बिल 150 से 200 आते थे, अब उन्हें 800 से लेकर 1000 रूपए के बिल मिल रहा है। इस वजह से मीटर रीडिंग करने वाले कर्मचारीयों के साथ उपभोक्ता का वाद विवाद हो रहा है। ग्राम रसेला के सरस्वती साहनी का कहना है कि पिछले महीने तक 50 से 80 रूपए बिल आता था इस बार 360 रूपए का बिल थमा रहे हैं। मीटर रीडिंग करने वाले का कहना था कि वह इस पर कुछ नहीं कर सकता। शिकायत करनी है तो आफिस जाइये। ऐसे कई लोगों का बिल इस समय 1000 से 1200 तक आया है। पहले बिजली बिल हाफ योजना में 400 यूनिट तक की खपत करने वाले उपभोक्ताओं को छूट मिल रही थी। उन्हें आधा बिल ही चुकाना पड़ता था। अब बदले नियम के बाद केवल 6 से 7 प्रतिशत यानी 3 हजार से भी कम उपभोक्ताओं को बिजली बिल हाफ योजना के तहत छूट का लाभ मिल पा रहा है। नए नियम से क्षेत्रों के उपभोक्ता सबसे अधिक प्रभावित हैं। अधिकांश घरों की मासिक खपत 100 यूनिट से ज्यादा है। इस वजह से उन्हें छूट का लाभ नहीं मिल रहा। पहले हाफ बिल योजना के तहत लाभ लेने वाले उपभोक्ताओं की संख्या हर साल बढ़ रही थी, लेकिन अब अधिकांश सीधे तौर पर योजना से बाहर हो जाएंगे।



### नई दरें भी लागू, दोहरी मार

अगस्त से बिजली टैरिफ में भी करीब 20 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी की गई है। इसका असर बिलों पर साफ दिख रहा है। तुलाराम यादव ने बताया कि पहले हर महीने 250 आता था इस बार 650 रूपए देने पड रहें हैं। लगनु राम यादव ने कहा अगले महीने 1500 था इस बार 2300 रूपए आया है। यह दोगुने से भी ज्यादा है। समझ नहीं आ रहा है कि इतने पैसे कैसे जमा करे। पीएम सूर्य घर का लाभ उठाएं : अधिकारी ने बताया कि 100 यूनिट तक खपत करने वाले उपभोक्ताओं को हाफ बिल योजना का लाभ मिल रहा है। उपभोक्ताओं को पीएम सूर्य घर योजना का लाभ लेने के लिए भी प्रेरित कर रहे हैं।

# बच्चों के सर्वांगीण विकास पर हुआ सार्थक संवाद






**गरियाबंद।** श्री भूतेश्वर नाथ बाल संस्कार समिति द्वारा संचालित नगर के एकमात्र संस्कारमय वातावरण से युक्त सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गरियाबंद में शनिवार को कक्षा प्रथम से पंचम तक के विद्यार्थियों के अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आनंद कुमार यदु (संकुल प्रभारी डूमर बाहरा) उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि टेक राम नायक (शिक्षक) एवं मानिक राम साहू (राजिम विभाग प्रमुख, रायपुर) थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिवक्ता लोकनाथ साहू ने की।

सत्य प्रकाश मानिकपुरी (व्यवस्थापक) और प्राचार्य चैन सिंह बघेल सहित विद्यालय परिवार के सभी आचार्य-दीदी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गोविंद किशोर सिन्हा ने किया। बैठक की शुरुआत में प्राचार्य चैन सिंह बघेल ने इस आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चों के समय पर विद्यालय आगमन, अवकाश के समय हस्ताक्षर प्रक्रिया, और पालकों की विद्यालयीन गतिविधियों में सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में पालक, शिक्षक और आचार्य तीनों की समान भूमिका होती है। सत्य प्रकाश मानिकपुरी ने कहा कि बच्चों में भावनात्मक और चारित्रिक विकास आवश्यक है। पालकों को उनके दैनिक व्यवहार और दिनचर्या पर विशेष ध्यान देना चाहिए, क्योंकि बच्चों के विकास से ही परिवार, समाज और देश का विकास संभव है। लोकनाथ साहू ने कहा कि माता-पिता ही बच्चे के प्रथम गुरु होते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को वीर बालकों के जीवन से प्रेरणा लेकर संस्कार और आत्मअनुशासन अपनाना चाहिए। मानिक राम साहू ने कहा कि बच्चों में सीखने की प्रारंभिक क्षमता माता-पिता से ही विकसित होती है। उन्होंने मोबाइल और जंक फूड से दूरी बनाए रखने की सलाह दी, ताकि उनका शारीरिक और मानसिक विकास संतुलित रहे। अभिभावकों ने विद्यालय के संस्कारमय वातावरण की सराहना करते हुए कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर ही वह स्थान है, जहाँ बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार भी दिए जाते हैं। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य योगेश कुमार साहू ने सभी अतिथियों, पालकों एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त आचार्य-दीदी एवं समिति परिवार का विशेष योगदान रहा।

# भोरथिया यादव समाज को केंद्रीय पिछड़ा वर्ग सूची में शामिल कराने अध्ययन दल का दौरा



**छुरा/रसेला/मुड़ागांव(कोरासी)** । अखिल भारतीय भोरथीया यादव समाज छत्तीसगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग रायपुर को यादव समाज के उपवर्ग भोरतिया और भोरथिया जाती को पिछड़ा वर्ग की सूची में जोड़ने व केंद्रीय सूची में समावेशन कराने की मांग विगत 13 वर्ष की गईं थी। समाज के मांग को छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने 14 वे अनुसूची में लिया लेकिन केंद्रीय सूची में समावेशन नहीं हुआ था। जिसके कारण समाज के युवा वर्ग को केंद्र से मिलने वाली सुविधाओं का लाभ नहीं मिल रहा था।भोरथिया समाज केद्वारा पिछड़ा वर्ग आयोग को आवेदन किया गया तत्पश्चात आयोग द्वारा क्षेत्र अध्ययन / अनुसंधान कार्य के लिए अध्ययन दल भेजा गया।केंद्रीय सहायक अनुसंधान अधिकारी अनीता डीकटे के नेतृत्व में अध्ययन दल 06 व 07 नवंबर 2025 को गरियाबंद एवं धमतरी जिले के विभिन्न विकास खंडों के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रवास पर रहे। इस दौरान गरियाबंद जिले के राजिम कोपरा, लोहरसी, रवेली, फुलझर, जमाहि, रानीपरतेवा, छुरा, मैनपुर, गरियाबंद का दौरा कर भोरथिया जाती के लोगों से मिले एवं जातिगत चर्चा कर जानकारी हासिल किए। इस दौरान अध्ययन/अनुसंधान दल के साथ अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ भोरथीया यादव समाज के अध्यक्ष हिरासिंग यादव, पूर्व अध्यक्ष द्वय अमरीश लाल यादव व शिव शंकर यादव, सोमन यादव, संतोष (तेजस्वी) यादव, रामाधार यादव, अशोक यादव, हरीश यादव हेमंत यादव, पुरुषोत्तम दिलीप, कृष्ण कुमार यादव रोहित यादव, खिलेंद्र, विजय शंकर यादव सहित जिले के अधिकारी एवं कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा। क्षेत्र के सभी ग्रामों में सफल संचालन के लिए अध्यक्ष हिरासिंग यादव ने सभी सहयोगी समाज प्रमुख, सदस्यों एवं अधिकारी, कर्मचारियों का आभार प्रकट किए।

# बिजली विद्यालय में छात्रों ने साफ सफाई कर परिसर को स्वच्छ किया



**फिंगेश्वर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बिजली में इको क्लब के छात्र-छात्राओं द्वारा विद्यालय परिसर की साफ सफाई करते हुए पौधों की निराई गुड़ाई कर परिसर का स्वच्छ कर जल से सिंचित किया। वहीं संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू ने स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से छात्र- छात्राओं से कहा कि नियमित रूप से साफ- सफाई रखते हुए शाला परिसर को स्वच्छ बनाये रखने के लिए प्रेरित किया गया। स्वच्छता न केवल हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव डालती है बल्कि देश की गरिमा बढ़ाने में महत्वपूर्ण है। हमें स्वच्छता के महत्व को समझना चाहिए और बीमारियों से खुद को सुरक्षित रखना चाहिए और बीमारियों से खुद को सुरक्षित रखने के लिए बुनियादी उपाय अपनाने चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि स्वच्छता से बैक्टीरिया और वायरस से होने वाली बीमारियों से बचा जा सकता है। वहीं स्वच्छता से रोग प्रतिरोध क्षमता बढ़ता है और संक्रमण का खतरा कम होता है। अतः स्वच्छता से मानसिक और भावनात्मक आराम मिलता है। इस मौके पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू, व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, विनय कुमार साहू, नरेन्द्र कुमार वर्मा, योगेश सोनकर, रेखा सोनी, गीतांजली नेताम, शिक्षक नकुल राम साहू, रुद्रप्रताप साहू, भृत्य आकाश सूर्यवंशी व छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

# डीएलएड छात्रों ने बच्चों को कराया न्योता भोज



**नवापारा-राजिम।** शासकीय बालक प्राथमिक शाला बढ़ईपारा में डीएलएड छात्रों ने अपने विदाई के अवसर पर बच्चों को न्योता भोज कराया। चार महीने तक विद्यालय में अपनी सेवाएं दी। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने प्रशस्ति पत्र मोमेंटो प्रदान किया। भोज में बच्चों को पकौड़ा, मिर्ची भजिया, पापड़, खीर, चावल, दाल, सब्जी, टमाटर चटनी परोसा गया। कार्यक्रम में प्रभारी प्रधान पाठक राजेंद्र कुमार मिश्रा, ओमप्रकाश साहू, तोमेश्वरी जोशी, लोकेश कुमार धृतलहरे, राजेश कुमार सोनी, दीपक कुमार साहू, वाणी उपासना साहू स्टाफ के लोग मौजूद थे।

# भाजपा मंडल ने निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण पर की प्रशिक्षण कार्यशाला

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर में आज रविवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस मैनपुर में निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण एस आई आर -2025 प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन भारतीय जनता पार्टी मंडल मैनपुर के तत्वाधान में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एवं मंडल प्रभारी के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग अध्यक्ष संदीप शर्मा एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष गुरु नारायण तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग अध्यक्ष संदीप शर्मा ने अपने सम्बोधन में निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी और कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे अपने-अपने बूथ क्षेत्र में पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने, हटाने व सुधार कार्य को पूरी निष्ठा से करें ताकि कोई भी मतदाता सूची से वंचित न रहे। भाजपा जिला उपाध्यक्ष गुरु नारायण तिवारी ने भी अपने उद्बोधन में कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक मजबूती एवं जिम्मेदारी के साथ पुनरीक्षण कार्य को सफल बनाने का संदेश दिया।कार्यक्रम का संचालन भाजपा महामंत्री घनश्याम मरकाम द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम के अंत में दिनेश शर्मा ने आभार व्यक्त किया।



इस कार्यशाला में भाजपा जिला उपाध्यक्ष सरिता ठाकुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष यादव, रामदास वैष्णव उपाध्यक्ष किसान मोर्चा, घनश्याम मरकाम महामंत्री मंडल मैनपुर, तिजू सिन्हा उपाध्यक्ष, महेंद्र सोनी कोषाध्यक्ष, दिलीप साहू, डाकेश्वर नेगी, प्रदीप शर्मा, किशोर यदु, तुलसी राठौर राकेश दुबे रूपेश साहू रोहित नायक, दिनेश शर्मा, दिनेश सचदेव मनोज निर्मलकर, दैनिक राम मांडवी, सुधीर ठाकुर, चैनूराम नागेश, जनक यादव, नरेश सोनवानी, शिशुपाल नायक, अनुधर सिन्हा, अरविंद नेताम, सुभाष नेताम, चुनेश नेताम हिमेश्वरी कश्यप उपाध्यक्ष, कृपाल यादव एवं तमाम भारतीय जनता पार्टी के जिला पदाधिकारी और मंडल पदाधिकारी एव कार्यकर्ता उपस्थित रहें और कार्यशाला सफलतापूर्वक एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

# जामगांव में भव्य डीजे डांस स्पर्धा का हुआ आयोजन

**फिंगेश्वर।** ग्राम जामंगांव के अटल चौक में छत्तीसगढ़ रजत जयंती के अवसर पर राज्य स्तरीय भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सामूहिक ग्रुप में माता की महिमा डांस ग्रुप राजनांदगांव को प्रथम को 10 हजार, युगल ग्रुप में अलेम्स एवं आकास द्वितीय को 4 हजार एवं एकल से रोहित नायक तृतीय स्थान को 25 सौ का ईनाम जीता। इसके अलावा तीनों ग्रुप से अलग -अलग अन्य ईनाम भी प्रतियोगिताओं ने जीता। कार्यक्रम का शुंभारंभ मुख्यअतिथि जिला पंचायत के सभापति नंदनी कोमल ढीढी के कर कमलों से हुआ। वहीं पर कार्यक्रम में जनपद सदस्य चपेश्वरी ध्रुव, सरपंच रेणुका डहरे आदि जन प्रतिनिधियों की गरीमामयी उपस्थिति मे दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ किया गया। डांस प्रतियोगिता मे छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों से कलाकार पहुंचे थे। वहीं पर जिले के अलावा अलग-अलग राज्य के कलाकार भी अपनी कला का प्रदर्शन करने शामिल हुए थे। इस कार्यक्रम को देखने के लिए दूर-दूर से लोग पहुंचे हुए थे।कार्यक्रम के द्वारा स्वस्थ मनोरंजन एवं प्रतिस्पर्धा की उफान से हर कोई दर्शक दीर्घा के हाथ पैर झूमते दिखे।

■ सामूहिक में 10, युगल में 8 एवं एकल में 13 टीमों ने भाग लिया




ग्रामवासी तथा क्षेत्रवासियों ने इस कार्यक्रम की बहुत प्रशंसा की। सामूहिक नृत्य में माता की महिमा राजनांदगांव जिले से किसान की जीवन से संबंधित जैसे कार्यक्रम की प्रस्तुतीकरण किया गया। वहीं नृत्य डांस ग्रुप भिलाई ने राजस्थान कल्चर से रूबरू कराया। डीजे डांस प्रतियोगिता में सामूहिक में 10 टीम वहीं युगल में आठ टीम एवं एकल में 13 टीमों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक कार्यक्रम रहा।

इस कार्यक्रम के माध्यम से पूरा वातावरण संगीतमय रहा तथा नृत्य की धुन ने दर्शक दीर्घा में समा बांधा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से नवजागरण सेवा संस्थान के सदस्यों का विशेष योगदान रहा तथा इस कार्यक्रम की मार्गदर्शक एवं सफल संचालन नीलम साहू ने किया। कार्यक्रम में पूर्व सोसायटरी अध्यक्ष कोमल ढीढी, सरपंच अरूण सिन्हा, मिंजून साहू, दशरथ सिन्हा सहित ग्रामवासियों का सहयोग रहा।

